कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./प्रेसनोट/2024/34 दिनांक : 16/05/2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय ने श्रीमति माधवीराजे सिंधिया के निधन पर दी भावभीन श्रद्धांजलि

ग्वालियर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया जी की पत्नी व केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी श्रीमती माधवीराजे सिंधिया के स्वर्गवास पर भावभीन श्रद्धांजलि देने हेतु राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्ववविद्यालय, ग्वालियर के विश्वविद्यालय प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे, कुलसचिव/लेखा नियंत्रक श्री अनिल सक्सेना, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, निदेशक शिक्षण एवं छात्र कल्याण डॉ. एन.एस. भदौरिया, कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. तोमर, कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्वालियर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र कुशवाह सहित विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण ने मौन धारण कर दिवंगत पुण्यात्मा को श्री चरणो में स्थान व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर कृषि विश्वविद्यालय का नामकरण मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्व. श्रीमती राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर किया गया है स्व. श्रीमती माधवीराजे सिंधिया स्व. श्रीमती राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुत्रवधु थी।